**जनपद गाजियाबाद प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 27-12 -20**

**थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत नन्दग्राम से गायब हुये 13 वर्षीय बच्चे को पुलिस टीम द्वारा 10 घंटे के अंदर ढूंढकर सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय गाजियाबाद द्वारा चलाये जा रहे खुशी ऑपरेशन के तहत प्रभारी निरीक्षक सिहानी गेट श्री कृष्ण गोपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26/12/2020 को अपने घर से बिना बताये कहीं चले गये 13 वर्षीय वंश पुत्र मोनू नि0 सेवानगर थाना सिहानी गेट जिला गाजियाबाद को पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस की मदद से 10 घंटे के अन्दर ढूंढकर उनके परिजनो को सुपुर्द किया गया।

**पूछताछ का विवरण –**

दिनांक 26/12/2020 को थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत चौकी नन्दग्राम से वंश उम्र 13 वर्ष घर से बिना बताये कहीं चला गया था, जिसके संबंध में उसके परिजनो द्वारा थाना सिहानी गेट पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सिहानी गेट महोदय द्वारा उ0नि0 श्री रामकुमार कुंतल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर सर्विलांस की मदद से बच्चो की तलाश में लगाया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चो को सकुशल बरामद कर उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया।



**थाना विजयनगर पुलिस द्वारा 1 किलो 300 ग्राम डोडा पाऊडर मय एक पीली धातु की चैन के साथ एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री कलानिधि नैथानी के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के कुशल पर्यवेक्षण एवं निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक विजयनगर के कुशल नेतृत्व में थाना विजयनगर पुलिस को शातिर मादक पदार्थो तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान उस समय महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई जब थाना विजयनगर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा दिनांक 27/12/2020 को चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त गजेन्द्र सिंह को **1 किलो**

**300 ग्राम नाजायज डोडा पाऊडर मय एक पीली धातु की चैन (सम्ब0 मु0अ0सं0 1582/20 धारा 380/411 भादवि** के साथ आर्मी ग्राउण्ड थाना क्षेत्र विजयनगर से गिरफ्तार किया गया।

***नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त***

1- गजेन्द्र सिंह पुत्र सूरजभान जाटव नि0 मौहल्ला बुद्ध विहार थाना साहाबाद जनपद हाथरस

***पंजीकृत अभियोग का विवरण***

1- मु.अ.स. 1611/20 धारा 8/15 NDPS Act. थाना विजय नगर गाजियाबाद

***आपराधिक इतिहास***

2- मु.अ.स. 1582/20 धारा 380/411 भादवि थाना विजय नगर गाजियाबाद

***बरामदगी का विवरण***

1- 1 किलो 300 ग्राम डोडा पाऊडर नाजायज

2- एक पीली धातु की चैन सम्ब0 मु0अ0सं0 1582/20 धारा 380/411 भादवि थाना विजयनगर



## थाना लिंकरोड जनपद गाजियाबाद द्वारा शातिर चोर अभियुक्त गिरफ्तार ।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय गाजियाबाद द्वारा अपराध नियंत्रण एवं **वांछित अपराधियों** के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद महोदय के सफल पर्यवेक्षण में एवं SHO शैलेन्द्र प्रताप सिंह थाना लिंकरोड जनपद गाजियाबाद के नेतृत्व में दिनांक 27.12.2020 को समय 13:00 बजे चौकी प्रभारी औ0क्षेत्र उप नि0 श्री शेषम सिंह द्वारा चैकिंग के दौरान चौकी औ0क्षेत्र कन्ट्रीन होटल के पास युरो पार्क के पास से शातिर चोर मोहित कुमार पुत्र मोतीलाल नि0 म0 नं0 93 गली नं0 1 घनश्याम वाली गली झण्डापुर थाना लिंक रोड गाजियाबाद सम्बन्धित मु0अ0सं0 0403/2020 धारा 380/411 भादवि को गिरफ्तार किया गया ।

**अपराध कारित करने का तरीका :-**

अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है, जो कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने साथी **रामभूल पुत्र संजय नि0 मैन मार्केट झण्डापुर** के साथ मिलकर दिनांक 26/27.12.2020 की

रात्रि गुलफाम पुत्र अब्दुल गफ्फार नि0 गली नं0 1 झण्डापुर थाना लिंक रोड गा0बाद के घर में घुसकर चोरी की थी। अभियुक्त को चोरी के माल 02 **लौंग पीली धातु** , 02 **जौडी टाक्स पीली धातु** , 01 **पायल सफेद धातु** 04 **कंगन पीली धातु** 01 **मोबाईल रेडमी काला** सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुका है। अभियुक्त की अन्य घटनाओं व आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

मोहित कुमार पुत्र मोतीलाल नि0 म0 नं0 93 गली नं0 1 घनश्याम वाली गली झण्डापुर थाना लिंक रोड गाजियाबाद।

फरार अभियुक्त – रामभूल पुत्र संजय नि0 मैन मार्केट झण्डापुर

**<u>पंजीकृत अभियोगों का विवरण -</u>**

मु0अ0सं0 0059/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लिंक रोड़ गाजियाबाद ।

मु0अ0सं0 0103/2020 धारा 380 भादवि थाना लिंक रोड़ गाजियाबाद ।

मु0अ0सं0 0105/2020 धारा 20/8 एनडीपीएस अधिनियम थाना लिंक रोड़ गाजियाबाद ।

मु0अ0सं0 0171/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना लिंक रोड़ गाजियाबाद ।

मु0अ0सं0 301/2020 धारा 392/411 भादवि थाना लिंक रोड गाजियाबाद ।

मु0अ0सं0 403/2020 धारा 380 भादविथाना लिंक रोड गाजियाबाद ।

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

1. 02 लौंग पीली धातु
2. 02 जौडी टाक्स पीली धातु
3. 01 पायल सफेद धातु
4. 04 कंगन पीली धातु
5. 01 मोबाईल रेडमी काला

